न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर

पीठासीन अधिकारी : साधुराम जाट
(आर.ए.एस.)

राजस्व वाद संख्या 42/2019

1. मुन्नी देवी पत्नी स्व. बहादूर सिंह जाति जाट निवारी खीचड़ो का बास तहसील मलसीसर
2. रजनी कुमारी पुत्री स्व. बहादूर सिंह जाति जाट निवारी खीचड़ो का बास तहसील मलसीसर
3. अनूज कुमार पुत्र स्व. बहादूर सिंह जाति जाट निवारी खीचड़ो का बास तहसील मलसीसर
4. अजीत सिंह पुत्र स्व. बहादूर सिंह जाति जाट निवारी खीचड़ो का बासतहसील मलसीसर

वादीगण

बनाम

1. मानसिंह पुत्र जीवणराम जाति जाट निवासी खीचड़ो का बास तहसील मलसीसर
2. दयानन्द पुत्र पितराम जाति जाट
3. कुरडाराम पुत्र पितराम जाति जाट
4. चांदकौर पुत्री पितराम पत्नी इन्द्राज सिंह जाति जाट निवासी खीचड़ो का बास हाल आबाद बुडानिया तहसील चिड़ावा
5. वेदकौर पुत्री पितराम पत्नी सुरेश कुमार जाति जाट निवासी खीचड़ो का बास हाल आबाद भड़ून्दा खुर्द तहसील झुझुनू
6. पंजाब नेशनल बैंक झुझुनू जरिये शाखा प्रबन्धक
7. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मलसीसर

प्रतिवादीगण

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर

दावा बाबत धोषणार्थ, व स्थाई निषेधाज्ञा

निर्णय

निर्णय दिनांक 25.10.2021

प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 के तहत ग्राम पंचायत बाजला में आयोजित कैम्प में वादीगण एवं प्रतिवादीगण ने उपस्थित होकर राजीनामा पेश कर राजीनामे के अनुसार वाद डिक्री किये जाने का अनुरोध किया है। संक्षेप में वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र का तथ्य इस प्रकार है कि वाके खिचड़ो का बास पटवार हल्का बाजला में वादीगण व प्रतिवादीगण 1 लगायत 5 की पैत्रिक काश्त की जमीन वर्तमान खाता संख्या 53 के ख0न0 136 रकबा 0.20 है0, ख0न0 2 रकबा 0.72 है0, ख0न0 91/218 रकबा 0.20 है0, ख0न0 92 रकबा 0.78 है0 व खाता संख्या 45 के ख0न0 133/231 रकबा 0.05 है0, ख0न0 134 रकबा 0.15 है0, ख0न0 152 रकबा 0.88 है0, ख0न0 6 रकबा 0.71 है0 तथा ख0न0 94 रकबा 0.10 है0 कुल किता 9 कुल रकबा 3.79 है0 भूमि अवस्थित है। जो कि जीवणराम नामक व्यक्ति की थी जिसे जीवणराम ने जीवन पर्यन्त काश्त किया। जीवणराम की मृत्यू उपरान्त उसके पांच पुत्र रामेश्वर, पितराम, मानसिंह, केशरराम व मधाराम हुये। रामेश्वर लुट्टू गोद चला गया। उसके बाद जीवणराम के हिस्से की भूमि उसके शेष चार पुत्रों को प्राप्त हुई। इस जमीन में 1/2 हिस्से का खातेदार काश्तकार मानसिंह व 1/2 हिस्से का खातेदार काश्तकार पितराम हुआ। पितराम के तीन पुत्र बहादुर, दयानन्द व कुरड़ाराम हुये। मानसिंह के कोई पुत्र नहीं हुआ तो मानसिंह ने सामाजिक रीति रिवाज से बहादुर सिंह को गोद ले लिया। वादीगण

उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

बहादुर सिंह के वारिसान है। अन्त में वाद पत्र की धारा 13 क, ख, ग के अनुसार वाद वादीगण डिक्री किया जाने का निवेदन किया गया।

वादीगण एवं प्रतिवागण के मध्य हुये राजीनामे में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है

1. यह कि वाद पत्र की धारा 1 में वर्णित भूमि में प्रतिवादी संख्या 3 कुरडाराम जो कि मानसिंह के गोद चला गया था, में प्रतिवादी संख्या 1 मानसिंह का वारिस मानते हुये खातेदार काश्तकार धोषित किया जावे तथा वाद पत्र की धारा 2 में कुरडाराम पुत्र पितराम का नाम दर्ज है उसके हजफ किया जावे।
2. ययह कि वाद पत्र की धारा 2 में वर्णित भूमि में कुरडझराम पुत्र मानसिंह का नाम मानसिंह के गोद चले जाने के कारण राजस्व रिकार्ड से हजफ कर उसका हिस्सा उसके दोनो भाईयों प्रतिवादी संख्या 2 व वादीगण (बहादुर सिंह के वारिसान) व बहिनों में बराबर–बराबर राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
3. यह कि दोनो पक्षकार उपरोक्त राजीनामें से भविष्य में पांबद रहेंगें।

लोक अदालत की पवित्र भावना से प्रेरित होकर पक्षकारान के मध्य हुये आपसी राजीनामें का सम्मान करते हुये राजीनामें की शर्तो के अनुरूप वाद डिक्री किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है।

निर्णय

अतः पक्षकारान के मध्य हुये राजीनामें के आधार पर वाद डिक्री किया जाता है। ग्राम खिचड़ो का बास के हाल खाता संख्या 53 के ख0न0 136 रकबा 0.20 है0, ख0न0 2 रकबा 0.72 है0, ख0न0 91/218 रकबा 0.20 है0, ख0न0 92 रकबा 0.78 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 1.80 है0 में मानसिंह के हिस्से में दर्ज भूमि में मानसिंह के वारिस के रूप में कुरडाराम का नाम दर्ज करने तथा खाता सख्या 45 के ख0न0 133/231 रकबा 0.05 है0, ख0न0 134 रकबा 0.15 है0, ख0न0 152 रकबा 0.88 है0, ख0न0 6 रकबा 0.71 है0 तथा ख0न0 94 रकबा 0.10 है0 कुल किता 5 कुल रकबा 1.79 है0 में कुरड़ाराम का नाम हजफ कर उसके भाईयों प्रतिवादी संख्या 2 व वादीगण (बहादुर सिंह के वारिसान) व बहिनों में बराबर–बराबर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। राजीनामा निर्णय का भाग होगा। निर्णयं मजमे आम में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

(साधुराम जाट)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड मलसीसर
मलसीसर
25/10/21